ओम बिरला व गज सिंह ने कला, संस्कृति पर चर्चा की

जोधपुर, (नि.सं.)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व पूर्व नरेश गज सिंह की शुक्रवार को उम्मेद भवन पैलेस में शिष्टाचार भेंट हुई व विभिन्न विषयों पर बातचीत हुई ।इस अवसर पर महारानी हेमलता राज्ये भी उपस्थिति थी।

गज सिंह के एज्यूकेटिव असिस्टेंट पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि इस दौरान दोनों में मारवाड़ की कला, संस्कृति व पर्यटन पर विशेष बातचीत हुई।

लोकसभा अध्यक्ष ने यहां आने वाले देसी वे विदेशी पर्यटकों के संबंध में भी जानकारी । उन्होंने महाराज गज सिंह के इस क्षेत्र में लगातार किए जा रहे प्रयासों की भी सराहा। उन्होंने उम्मेद भवन पैलेस के स्थापत्य कला की सराहना की।

गज सिह व लोकसभा अध्यक्ष के बीच संसद के बारे में भी बातचीत हुई। गज सिंह ने इस दौरान कहा कि राजस्थान को गर्व है कि आप लोकसभा को बेहतरीन तरीके से चला रहे हैं । गज सिंह ने कहा कि सांसद के रूप में आपने कोटा में भी काफी विकास कार्य करवाए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने गज सिंह से उनके राज्यसभा कार्यकाल के अनुभव के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान पूर्व महारानी हेमलता राज्ये ने लोकसभा अध्यक्ष से कहा कि आप लोकसभा बहुत ही अच्छी तरह से संचालित करते हैं, इसके लिए आपको बधाई देती हूं। वह लोकसभा की कार्यवाही अनेक बार देखती रहती है।

इस दौरान गज सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष से राजस्थानी भाषा की मान्यता पर जोर देते हुए कहा कि राजस्थानी राजस्थान के जन-जन की भाषा है, इसको अब मान्यता अवश्य मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा की राजस्थान के प्रतिनिधि के रूप में आप दिल्ली में हैं तो इसके लिए आप सभी से मिलकर विशेष प्रयास करें ,ताकि राजस्थानी भाषा को शीघ्र मान्यता मिल सके । राजस्थानी भाषा की मान्यता के लिए वर्षों से आवाज उठाई जा रही है ,हर स्तर पर मांग की जा रही है।

गज सिंह व हेमलता राज्ये ने लोकसभा अध्यक्ष का स्वागत किया।

जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से रूबरू होते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारतीय संसद में पहली बार आठवीं अनुसूची में दर्ज 22 क्षेत्रीय भाषाओं में सांसद अपनी बात रखते हैं और संवाद करते हैं। अपने विचार संसद में रखते हैं। पहली बार भारतीय संसद में 22 भाषाओं में समानांतर अनुवाद हो रहा है। भारत इकलौता देश है, जहां की संसद में 22 क्षेत्रीय भाषाओं में चर्चा हो रही है।

लोकसभा अध्यक्ष की जोधपुर एयरपोर्ट पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह, जिला कलक्टर गौरव अठावाल, राजस्थान जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई, विधायक शेरगढ़ बाबू सिंह राठौड़, पूर्व जेडीए अध्यक्ष महेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व राज्यसभा सांसद नारायण पंचारिया, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल सहित जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने अगवानी की।

सार-समाचार

बीमा दावा न निपटाने पर जुर्माना लगाया

जालोर, (कासं)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, जालोर ने उपभोक्ता हित में अहम फैसला सुनाते हुए दी जालोर क्रेडिट को आपरेटिव सोसायटी अरणाय और एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस कंपनी को सेवा में कमी का दोषी ठहराया है। आयोग के पीठासीन अधिकारी धनश्याम यादव ने आदेश दिया है कि मृतक के परिजनों को 3 लाख रुपये ऋण बीमा क्लेम राशि का भुगतान करने के साथ ही 25 हजार का जुर्माना लगाया। मामले के अनुसार परिवादी पूनमचंद विश्नोई निवासी अरणाय ने उपभोक्ता आयोग मे परिवाद पेश कर बताया कि परिवादी के पिता ने 21 जून 2017 में दी जालोर सेन्ट्रल को आपरेटिव बैंक से 3 लाख रुपये का ऋण लिया था, जिसके साथ सहकार जीवन सुरक्षा बीमा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी से क्ऋण लेते वक्त बीमा किया गया ,तब कहा गया कि एक साल के भीतर निधन होने पर ऋण माफ किया जायेगा। जिसके लिए बीमा प्रीमियम राशि 2643 प्रतिमाह भी नियमानुसार जमा की गई। ऋण लेने के कुछ महीनों बाद ही 26 अक्टूबर 2017 को उधारकर्ता की मृत्यु हो गई। इसके बाद परिवादी ने बैंक व बीमा कंपनी को सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर प्रस्तुत किए, बावजूद इसके लंबे समय तक बीमा दावा न तो निपटाया गया और न ही ऋण माफ किया गया। आयोग के अध्यक्ष धनश्याम यादव ने अपने आदेश मे स्पष्ट किया कि बीमा कराने के बाद प्राकृतिक मृत्यु होने की स्थिति में ऋण माफी का प्रावधान है। इसके बावजूद दावा लंबित रखना उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत सेवा में कमी है। उन्होंने जालोर सैन्ट्रल को आपरेटिव सोसायटी व एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी संयुक्त रूप से परिवादी को तीन लाख रूपये क्लेम राशि अदा करने सहित 25 हजार का जुर्माना लगाया।

'हिन्दू सम्मेलन में अधिक लोग पहुंचे'

भीनमाल, (निसं)। निकटवर्ती गजीपुरा गांव में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन आगामी एक फरवरी को होगा। आयोजन को लेकर धर्म जागरण प्रमुख अनिल शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में देश भर के सभी मंडल केंद्र एवं शहर की बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में पावली मंडल के गाजीपुरा में एक फरवरी को प्रस्तावित विशाल हिंदू सम्मेलन की तैयारी एवं व्यवस्थाओं को लेकर बैठक धुंधलेश्वर महादेव मठ गजीपुरा में महंत प्रेम भारती महाराज के सानिध्य में हुई। बैठक में हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों से जुडे लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्वयं सेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक में सम्मेलन के उद्देश्य व स्वरूप पर जिला सह कार्यवाह राजेश सैन ने विस्तृत जानकारी दी। बैठक में जिला सह कार्यवाह राजेश सैन ने आव्हान किया कि हिन्दू सम्मेलन में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी ही इसके विराट होने को सार्थक करेगी। सैन ने कहा कि हिंदू सम्मेलन समाज में एकता सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता को सुदृढ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। बैठक को कई वक्ताओं ने भी संबोधित किया। बैठक में उपस्थित जनों ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का संकल्प लिया एवं महन्त प्रेम भारती महाराज के सानिध्य में एक समिति का गठन किया गया। जिसमें गजीपुरा, कारलू, साविधर, मणधर, कोडिटा, पहाड़पुरा, पावली सहित पावली मंडल के समस्त गांवों से धर्मप्रेमी शामिल रहे।

शाहजाद अली सैय्यद को दी श्रद्धांजलि

जालोर, (कासं)। अभिभाषक संघ जालौर की ओर से शुक्रवार को अभिभाषक भवन में वरिष्ठ अधिवक्ता शहजाद अली सैयद के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सचिव विक्रम सिंह सियाणा ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा में अधिवक्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर सैय्यद को श्रद्धांजलि दी। अध्यक्ष खसाराम परिहार ने कहा कि शहजाद अली जी का निधन अभिभाषक संघ के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी कमी हमेशा खलेगे। सैयद का अधिवक्ता के रुप में कार्य पूर्ण ईमानदारी व मिलनसार के रुप में हमेशा पहचान जायेगा। संचालन एडवोकेट अश्विन राजपुरोहित ने किया। इस दौरान उपाध्यक्ष अशोक कुमार माली, सचिव विक्रमसिंह सियाणा, कोषाध्यक्ष मनमोहन राठौड, सह कोषाध्यक्ष महेश कुमार रजक, वरिष्ठ अधिवक्ता शम्भूदान आशिया, सिकंदर अली सैय्यद, चेनाराम चौधरी, ईश्वरदान चारण, गोकुलराम परिहार, मुमताज अली सैय्यद, रमेश सोलंकी, देवेंद्र सिंह राठौड, इंद्र मेघवाल, रियाज खान, रामसिंह चम्पावत, पदमसिंह भाटी, प्रवीण कुमार चौहान, भंवर मेघवाल, प्रवीण कुमार घांची, उत्तम कुमार गेहलोत, अजय कुमार ओझा, प्रकाश खत्री, तरुण सिद्धावत, रणजीतसिंह सहित बडी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे। श्रद्धांजलि सभा के बाद अधिवक्ताओं ने वरिष्ठ अधिवक्ता के आवास पर जाकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी तथा उनके पुत्र इमरान अली को सांत्वना पत्र देकर शोक व्यक्त किया।

स्वच्छता अभियान के लिए श्रमदान

बालोतरा, (निसं)। राजस्थान मदरसा बोर्ड जयपुर के आदेशानुसार मदरसा मौलाना अबुल कलाम आजाद उच्च प्राथमिक विद्यालय बालोतरा में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मदरसा इंतेजामिया कमेटी के सदर हाडी मौलाना मोहम्मद तैय्यब, सचिव अनवर हुसैन नियारिया, प्रधान शिक्षा अनुदेशक हस्ताराम पाँचल, शिक्षा अनुदेशक मोहम्मद अकरम कुरैशी, अशरफ अली, रुहिना परवीन मौलाना अबुल कलाम आजाद उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य जमाल खान, सहायक अध्यापक देमाराम पाँचल, भरत कुमार, मोहम्मद फारुख सुमरो सहित अन्य कर्मचारी व विद्यालय के सीनियर विद्यार्थियों ने मिलकर मदरसे के कक्षा कक्षो व खेल मैदान की साफ-सफाई की। साथ ही इंतेजामिया कमेटी के सदर मौलाना मोहम्मद तैय्यब ो कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए अपने जीवन मे स्वच्छता को अपनाने पर बल दिया।

कालन्द्री पंचायत समिति बनाने से खुशी

रेवदर, (निसं)। कालन्द्री को नवगठित पंचायत समिति का दर्जा मिलने पर क्षेत्र के दर्जनों गांवों में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा। इस निर्णय पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के पंचायतीराज मंत्री ओटाराम देवासी, जालोर सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी, सिरोही जिला प्रमुख अर्जुन राम पुरोहित, सिरोही पंचायत समिति प्रधान हसमुख कुमार मेघवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रक्षा भंडारी तथा कालन्द्री मंडल अध्यक्ष हिरेन्द्रपाल सिंह देवडा की गरिमामयी उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने कालन्द्री को पंचायत समिति बनाए जाने को क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए राज्य सरकार एवं जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। पंचायत समिति बनने से प्रशासनिक सुविधाएं गांवों तक सुगमता से पहुंचेंगी और विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

अनादरा-कांडला हाईवे पर गैस टैंकर लीक

रेवदर,(नि.सं.)। सिरोही जिले के अनादरा में लखावत हनुमान मोड के पास एक गैस टैंकर में अचानक लीकेज होने से हडकंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही अनादरा पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और सुरक्षा की दृष्टि से हाईवे के दोनों तरफ के यातायात को पूरी तरह रोक दिया गया है। गैस रिसाव के खतरे को देखते हुए प्रशासन सतर्क है। वर्तमान में हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं और राहगीरों को सुरक्षित स्थानों पर रुकने की सलाह दी गई है। स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव

रेवदर, (निसं)। निकटवर्ती सोरडा में एक पेड पर युवक का शव लटकता मिलने का मामला सामना आया है। युवक को लटकता देख ग्रामीणों ने मंडार पुलिस को सूचना दी। वही युवक के पास में ही पडी हुई एक बाइक मिली। युवक शिनाख्त कालाराम गरासिया निवासी मावला फली आबुरोड के रूप में हुई। घटना के बाद मौके पर लोगो की भीड जमा हो गई। सूचना के बाद हेड कांस्टेबल कांतिलाल व गणेश राम मय जाब्ता मौके पहुंचे। पुलिस के पहुंचने के बाद युवक के परिजनों को सूचना दी।

अवैध बजरी का डंपर छोड़ भागा चालक

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के माता का थान क्षेत्र में अवैध बजरी से भरे डंपर को चालक छोड़कर भाग गया। खनिज कार्यदेशक के अधिकारी की तरफ से माता का थान पुलिस थाने में चालक के खिलाफ माइनिंग एक्ट की रिपोर्ट दी है। चालक की पहचान की गई है। जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि खनिज अभियंता कार्यालय-2 कार्यदेशक अजीत सिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि माता का थान क्षेत्र में अवैध रूप से लादी गई बजरी का डंपर छोडक़र उसका चालक भाग गया। उसकी पहचान लूणी के खेजड़लीकलां निवासी शराफत के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अठिाम जांच की जा रही है।

सार-समाचार

मकानों के आगे अतिक्रमण से रास्ते संकरे

जालोर, (कासं)। जालोर शहर में नगरपरिषद द्वारा समय समय पर निर्माणधीन मकानो की जांच नही करने से शहर के कई गली मोहल्लो में लोगो ने मकानो के आगे अतिक्रमण करने से मार्ग संकरा होता जा रहा है। जिससे लोगो को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। जालोर शहर के राजेन्द्र नगर से गुर्जर मोहल्ला होते हुए भीनमाल बाई पास जाने वाला मार्ग, राजेन्द्र नगर, भण्डारियों का वास, सरावास, फोलावास, पुरा मोहल्ला, सहित कई जगह लोगो ने अपने मकान निर्माण से अधिक भूमि पर अतिक्रमण कर परिषद की भूमि पर कब्जा जमा लिया है। लोगो द्वारा जगह जगह मकान के आगे सीढिया, चबूतरा आदि निकालकर कब्जा करने से वाहन चालको सहित आमजन को आवागमन में परेशानी उठानी पड रही है। नगरपरिषद के जमादार व निर्माण इजाजत इंचार्ज द्वारा नगरपरिषद क्षेत्र का समय समय पर निरीक्षण नही करने से लोगो द्वारा मनमर्जी से निर्माण कर जगह जगह अतिक्रमण कर दिया है1 जिससे सीधा राजस्व नुकसान परिषद को उठाना पड रहा है। मोहल्ले वासियों ने बताया कि मकान के आगे अवैध तरीके से निर्माण कार्य करने से आवागमन में दिक्कते आने के साथ मार्ग भी संकरा होता जा रहा है। जिससे भविष्य में काफी गंभीर समस्या का सामना करना पड सकता है। लोगो ने बताया कि नगरपरिषद को कई बार मार्ग पर अवैध अतिक्रमण करने की सूचना दी। लेकिन नगरपरिषद द्वारा कोई कार्यवाही नही करने से लोगो के हौसले बुलंद है तथा अवैध अतिक्रमण लगातार जारी है।

दुष्कर्म के आरोपी पिता की सजा बरकरार

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने 12 साल की नाबालिग बेटी से रेप करने वाले पिता पर अहम फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने अपील खारिज करते हुए निचली अदालत द्वारा सुनाई गई मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है। जस्टिस विनीत कुमार माथुर और जस्टिस चंद्रशेखर शर्मा की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए आदेश दिया कि सरकार पीड़िता को 7 लाख रुपए का मुआवजा दे। हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि बाप-बेटी के पवित्र रिश्ते को कलंकित करने वाले ऐसे अपराध में किसी भी तरह की नरमी नहीं बरती जा सकती। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी नैतिक गिरावट के प्रति दिखाई गई कोई भी नरमी न केवल न्याय प्रशासन को कमजोर करेगी, बल्कि बच्चों को यौन शोषण से बचाने के संवैधानिक और वैधानिक दायित्व से गंभीर पल्ला झाडऩे के बराबर होगी। घटना 12 अगस्त 2022 की है।

शिक्षक संघ राष्ट्रीय की बैठक हुई

जालोर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा जालोर की बैठक का आयोजन मण्डलनाथ महादेव मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को उपशाखा सभा अध्यक्ष गोपीलाल गर्ग की अध्यक्षता और उपशाखा अध्यक्षा मीना परमार के निर्देशन में हुआ। बैठक में आगामी कर्तव्य बोध सप्ताह के आयोजन को लेकर तैयारियों पर चर्चा की तथा शिक्षक संघ राष्ट्रीय के द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर में निकलने वाली शोभा यात्रा के सहयोग निम्मित ग्यारह हजार रुपए सहयोग राशि देने का निर्णय लिया गया। उपशाखा मंत्री मनोज दवे ने बताया कि आयोजन को लेकर विभिन्न कार्यों और प्रभाग के लिए दायित्व सौंप कर तैयारियों प्रारंभ की गई। इस अवसर पर संभाग महिला संगठन मंत्री रेखा राठौड, जिला सह संगठन मंत्री गणपतसिंह मंडलावत, कोषाध्यक्ष जयेश सुंदेशा, अर्चना गहलोत, हरीश सांखला, कृष्णपालसिंह सामूजा, मंगलसिंह बालोत, अनिल सोलंकी, सीता ओड, कन्हैया लाल भांड, जसपालसिंह, प्रमोद दवे आदि उपस्थित रहे।

जेडीए ने दुकानें अतिक्रमण मुक्त कराई

जोधपुर,(कासं)।जेडीए दस्ते द्वारा गुरुवार को तहसीलदार जोन-3 डॉ. हंसराज राठौड़ के निर्देशन में शास्त्री सर्किल स्थित प्राधिकरण के स्वामित्व की 13 बेशक़ीमती दुकानों को अतिक्रमण मुक्त कर कराया गया। कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-3 जोगेन्द्रसिंह चौधरी, प्रवर्तन निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा व योगेश गहलोत, कनिष्ठ अभियंता हीरसिंह मय अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा की गयी। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा अवैध कॉलोनियों, सड़क मार्गाधिकार व हरित पट्टी के अतिक्रमणों, अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर निरन्तर सख्त कार्यवाही के क्रम में यह कार्यवाही कदम उठाया गया।

लूट व हत्या करने का दूसरा आरोपी पकड़ा

भीनमाल, (निसं)। कोडिटा गांव के ओरण में गत 9 दिसम्बर को एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मारपीट कर कानों में पहनी हुई सोने की मुकरियां व हाथों में पहने चांदी के कड़े लूटकर उसकी हत्या करने के आरोप में पुलिस उपाधीक्षक शंकर लाल मसूरिया ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सह आरोपी पन्नाराम पुत्र गंगाराम जाति बागरी निवासी नून पुलिस थाना बागरा हाल निवास धवला रोड, न्यू रामदेव कॉलोनी, मालनाथ की ढाणी जालोर को पुलिस ने जोधपुर शहर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल लाभूराम, कांस्टेबल भरत कुमार, रतना राम व दीपाराम शामिल रहे।

लारेंस का गुर्गा बताकर बदतमीजी की

जोधपुर, (कासं)। झालामंड स्थित मीरा नगर में एक घर में घुसकर कुछ बदमाशों ने महिला को परिवार के जान की धमकी दी। उसे बंदूक दिखाकर डराने के साथ नीचे गिराया और आपत्तिजनक हरकतें की। महिला से खाली पेपर व स्टांप पर जबरन अंगूठा करवा लिया। महिला ने अब प्रोपर्टी हड़पने की आशंका के चलते पुलिस की शरण ली है। घटना 28 दिसंबर की है। पुलिस ने नौ दिन बाद केस दर्ज किया है। अठिाम जांच की जा रही है।

पाली में चुनाव प्रकोष्ठ गठित

पाली, (नि.सं.)। जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, पंच के आम चुनाव की प्रशासनिक व्यवस्था के लिए विभिन्न चुनाव प्रकोष्ठ गठित कर अधिकारियों को प्रकोष्ठ के लिए प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एलएन मंत्री ने बताया कि आगामी पंचायतीराज आम चुन.ाव के लिए पुलिस व्यवस्था के लिए जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू को प्रभारी अधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सनवाडा में पानी की टंकी की मांग

रेवदर, (निसं)। पंचायत समिति रेवदर की ग्राम पंचायत सानवाडा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी की टंकी का निर्माण नहीं होने को लेकर भाजपा सिरोही जिला प्रवक्ता दीपेन्द्र सिंह देवडा ने शुक्रवार को जल जीवन मिशन के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। देवडा के आग्रह के बाद अधीक्षण अभियंता ने सानवाडा में वर्तमान में उपलब्ध जल स्त्रोत के आधार पर पानी की टंकी निर्माण के लिए जयपुर कार्यालय को प्रस्ताव भेजा है।

कचहरी में फिर टकराए पुलिस-वकील

जोधपुर, (कासं)। कचहरी परिसर में शुक्रवार को अधिवक्ताओं और पुलिस के बीच एक मामूली सडक़ दुर्घटना को लेकर विवाद खड़ा हो गया। गाडिय़ों में मामूली टक्कर के बाद माफी मांगने को लेकर वहां जोरदार हंगामा हो गया। बाद में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मध्यस्थता से मामला सुलझ गया। गौरतलब है कि बीते दिसंबर महीने में भी कुड़ी भगतासनी थानाधिकारी हमीर सिंह व कांस्टेबल (रीडर) नरेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया गया था। इस बार अधिकारियों ने इस मामले को संभाल लिया।

सीमांकन विवाद, आंदोलन की चेतावनी

धोरीमन्ना,(निसं)। जिला सीमांकन विभाग को लेकर चल रहे धरने के सातवें दिन बाडमेर नि वर्तमान जिला प्रमुख महेंद्र चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री व निवर्तमान प्रधान शमा बानो ने भी शिरकत की और भजनलाल सरकार को आडे हाथों लिया। महेंद्र चौधरी ने कहा कि बड़े आंदोलन से ही सरकार बैक फुट पर आएगी और झुकेगी।

लोगों में रोष के बाद पोकरण में बूचडखानों पर कार्रवाई, 19 दुकान सीज

पोकरण, (नि.सं.)। पोकरण विधानसभा क्षेत्र के केलावा गांव में गुरुवार को अवैध बुचडखाने में गौ-मांस होने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में भारी रोष फैल गया। सूचना के बाद क्षेत्रीय विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार केलावा गांव में संचालित अवैध बुचडखाने से गौ-मांस के साथ-साथ मांस काटने में उपयोग किए जाने वाले हथियार भी बरामद किए गए, जिससे आमजन में आक्रोश और अधिक बढ गया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी - एडिशनल एसपी प्रवीण कुमार सेन, पुलिस उपाधीक्षक भवानी सिंह, पोकरण थानाधिकारी भारत रावत सहित स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और जांच शुरू की। इधर नगर पालिका क्षेत्र पोकरण में अवैध रूप से संचालित मीट, मांस-गोश्त की दुकानों के खिलाफ पालिका प्रशासन ने कार्रवाई कर कई दुकानों को सीज किया है। यह कार्रवाई नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जबरसिंह, रामस्वरूप गुचिया एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

सूत्रों के अनुसार यह पूरी कार्रवाई पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज के निर्देशों पर अमल में लाई जा रही है। पोकरण थानाधिकारी भरत रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस प्रशासन ने इस मामले में तीन आरोपियों - कालुखा, गफार एवं मुरीद खाको को हिरासत में लिया है। स्थानीय प्रशासन द्वारा शहर में बिना फूड लाइसेंस के संचालित 19 मीट-मांस की दुकानों को सीज किया गया है, जो खाद्य सुरक्षा नियमों का खुला उल्लंघन कर रही थीं। इसके अलावा लंबे समय से फूड विभाग द्वारा इन दुकानों से खाद्य नमूने नहीं लिए जाने की बात भी सामने आई है। कुछ अवैध बुचडखाने गैर-मुमकिन तोलाबेरा नदी की भूमि पर संचालित हो रहे थे। प्रशासन का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखना है। कार्रवाई के बाद अवैध रूप से संचालित दुकानदारों में हडकंप है।

वहीं विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने दोषियों की गिरफ्तारी एवं कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को पोकरण बंद का आहवान किया है।

वहीं पोकरण व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश व्यास ने शहर के समस्त व्यापारी बंधुओं एवं नागरिकों से शनिवार को आहूत पोकरण बंद का समर्थन करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि गुरुवार को कैलावागोवंश की नृशंस हत्या की अत्यंत दुखद एवं निंदनीय घटना सामने आई है। उन्होंने सभी व्यापारी बंधुओं एवं शहरवासियों से अपील की कि वे शनिवार दोपहर 12:00 बजे, पंचायत समिति के सामने स्थित महादेव होटल के पास, पोकरण में अधिक से अधिक संख्या में आकर सहभागिता दर्ज कराएं।

जोधपुर में माहेश्वरी समाज का अन्तर्राष्ट्रीय महाकुंभ शुरू

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में माहेश्वरी समाज के महाकुंभ का शुक्रवार को शुभारंभ हो गया। पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में आयोजित इस वैश्विक सम्मेलन में लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला, केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत और मारवाड़ के पूर्व नरेश गजसिंह के आतिथ्य में कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस महाकुंभ में भारत सहित दुनिया के 27 देशों से करीब 40 हजार माहेश्वरी समाजबंधु हिस्सा ले रहे हैं।

आयोजन स्थल पर अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप काबरा और जोधपुर माहेश्वरी समाज के मंत्री नंदकिशोर शाह ने अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया।

समारोह को संबोधित करते हुए बिड़ला ने कहा कि नेतृत्व के साथ समाज हर क्षेत्र में अग्रणी है। समाज की देश के विकास व समाज के हित में बहुत बड़ी भूमिका पहले भी रही है और आगे भी जारी रहेगी। समाज के हर शोषित, पिछड़े वर्ग की मदद के लिए माहेश्वरी समाज हर जगह खड़ा रहता है। भले ही देश में माहेश्वरी समाज की जनसंख्या कम है, लेकिन प्रतिष्ठा कई गुना अधिक है।

महासभा के सभापति संदीप काबरा ने बताया कि इस महाकुंभ का उद्देश्य वैदिक भारत से वैश्विक भारत तक समाज की भूमिका तय करना है। समाज में घटती जनसंख्या को देखते हुए इस महाकुंभ में तीन या उससे अधिक संतान वाली माताओं का अभिनंदन कर जनसंख्या वृद्धि का संदेश दिया जाना प्रस्तावित है। इसके अलावा, समाज में बहुओं को पढ़ाने और बेटी परणाओं अभियान के तहत देशभर की चयनित महिलाओं को 50 हजार रुपए की एफडी देकर प्रोत्साहित करने की भी योजना है।

आयोजन के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित 250 बीघा क्षेत्र में एक अस्थायी शहर बसाया गया है। यहां 12 ज्योतिर्लिंगों के नाम पर 12 डोम बनाए गए हैं। कार्यक्रम स्थल पर एक विशाल ग्लोबल एक्सपो भी लगाया गया है, जिसमें 750 स्टॉल्स हैं।

एक्सपो में नेपाल, दुबई, यूएसए सहित कई देशों के एग्जीबीटर शामिल हुए हैं। खास बात यह है कि तीन दिवसीय एक्सपो में शहरवासी भी शामिल हो सकेंगे, जबकि मुख्य अधिवेशन में केवल रजिस्टर्ड समाजबंधु ही प्रवेश कर पाएंगे। आयोजन स्थल पर गीता बाल संस्कार डोम भी बनाया गया है, जहां श्रीमद्भगवद्गीता की ट्रेन के 8 कोच के माध्यम से बच्चों को सनातन संस्कारों से रूबरू करवाया जा रहा है। अतिथियों ने एम्स रोड पर बन रहे छात्रावास, सिवांची गेट स्थित हरनाथ बेरा में द्वारकाधीश मंदिर के भूमि पूजन और बावड़ी जीर्णोद्धार का वर्चुअल उद्घाटन किया। शाम के सत्र में मिशन आईएएस 100 और भारतीय ज्ञान परंपरा पर संबोधन हुआ। अगले दो दिनों में बिखरते परिवार, शादी की सही उम्र, रिन्यूएबल एनर्जी और बिजनेस स्केलिंग जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। मधुसूदन केला, आनंद राठी और अन्य उद्योग जगत की हस्तियां युवाओं को फाइनांशियल डिसिप्लिन और करियर पर मार्गदर्शन देंगे। 10 जनवरी को भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

जोराराम कुमावत ने ग्रामीणों के अभाव अभियोग सुने

पाली, (नि.सं.)। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत ने दो दिवसीय पाली जिले के प्रवास कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को अनेक कार्यक्रमों में सहभागिता की।

केबिनेट मंत्री के आने की सूचना के साथ ही दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों से लोग अभाव अभियोग लेकर मंत्री के निवास स्थान पहुंचे। निज आवास पर जनसुनवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं उनके शुभचिंतकों के द्वारा नए साल की ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी गई। मंत्री ने भी उन सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि आप सभी के परिवारों में सुख समृद्धि का शुभागमन हो। कार्यकर्ताओं ने मंत्री को दुप्पटा ओढाकर व फूलमालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने निजी और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को मंत्री के सामने रखा। जिस पर मंत्री जोराराम कुमावत ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुन संबंधित अधिकारियों को फोन पर सूचित कर समस्याओं का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण करें ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। निज आवास पर मंत्री ने श्री कृष्ण भक्त गुरुदेव दाताश्री महेंद्रानंद गिरी जी महाराज गादीपति श्री कृष्ण धाम गुडा मांगलियान का शॉल ओढाकर व फूलमाला पहनाकर सम्मान किया।

कुमावत ने पोमावा स्थित जोडेवाला मामाजी मंदिर में मामाधणी किरवा वीर के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की । इस दौरान पोमावा पहुंचने पर मंत्री का मंदिर प्रबंधन व स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर श्री कृष्ण भक्त गुरुदेव दाता महेंद्रानंद गिरी महाराज गादीपति कृष्ण धाम गुडा मांगलियान, किसान नेता जेनेंद्र सिंह, बांकली के पूर्व सरपंच निरंजन सिंह ठाकुर, प्रधान प्रतिनिधि बिशन सिंह ठाकुर, अखिल भारतीय क्षेत्रीय महासभा के जिलाध्यक्ष सुमेर सिंह पोमावा, पूर्व उप प्रधान गजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

कुमावत पोमावा के पश्चात दुजाना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को एसआईआर (सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना) प्रक्रिया के महत्व और सरकारी योजनाओं के लाभों के बारे में जानकारी दी।

कुमावत ने बताया कि एसआईआर में सही जानकारी दर्ज होने से पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सकेगा।